नगर आयुक्त ने मोहल्ला निगरानी समिति से किया संवाद, सैनेटाइजेशन कार्य का किया निरीक्षण

शाहजहाँपुर। कोविड-19 के बढते सक्रमण के दृष्टिगत नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने आज नगर में स्थित सरकारी अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर साफ-सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) कराये जाने के विशेष निर्देश दिये । नगर क्षेत्र के जिला चिकित्सालय, सरकारी मेडिकल कॉलेज, सत्यानंद अस्पताल, रेलवे अस्पताल रोजा, पूराना जिला अस्पताल, ओ.सी.एफ. अस्पताल (कैन्ट) एवं नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र- सराय काईयां, पुलिस लाइन, लोधीपुर, कटिया टोला, ककरा खुर्द, ककरा कलां, जली कोठी, हुसैनपुरा, अजीजगजं, एमनजई जलालनगर में विषेश अभियान के तहत साफ-सफाई एवं सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने नगर क्षेत्र के जिला अस्पताल, ओ.सी.एफ. अस्पताल (कैन्ट) एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (कटिया टोला) में वृहद स्तर पर कराये जा रहे सेनेटाइजेशन के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय द्वारा अपनी देखरेख में सेनेटाइजेशन के कार्य को कराया गया।